Title: Regarding notice given by Department of Income Tax to the Chief Minister of Bihar relating to expenditure incurred on her daughter"s marriage.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : उपाध्यक्ष जी, मैंने तो कुछ दूसरा ही विषय दिया था लेकिन यह जो अखबार में छपा मीसा भारती की शादी से संबंधित, यह इतिहास में पहला मौका है कि किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति की बेटी की शादी हो, उसको एक पखवाड़ा भी न बीता हो और इनकम टैक्स वाले उनको नोटिस देते हैं। ऐसा लग रहा है कि यह पूर्व नियोजित है और दुर्भावना से ग्रसित है और इसमें पोलिटिकल राइवलरी की भावना से काम किया गया है। जबकि निमंत्रण कार्ड पर भी लिखा गया था कि उपहार कोई नहीं लाएं। यह दुर्भावना से ग्रसित है कि इस देश में कोई पिछड़ी जाति का नेता, कोई अकलियत का नेता, कोई दलित नेता प्रधान मंत्री और मुख्य मंत्री नहीं बने। यह राजनैतिक बदले की भावना से काम किया जा रहा है। मैं चाहूंगा कि इस बारे में इनकम टैक्स वालों से पूछा जाए और उनको सस्पेण्ड किया जाए और उनसे पूछा जाए कि ऐसी शादियां क्या इस देश में नहीं हुईं। बड़े-बड़े राजा-महाराजाओं की बेटियों की शादियां हुईं, बड़े-बड़े नेताओं की हुईं, पर किसी को नोटिस नहीं दिया गया। यह इतिहास का काला अध्याय शुरू कर रहे हैं। यह बहुत गंभीर मामला है।

… (व्यवधान)
इतिहास उनको कभी माफ नहीं करेगा और देश उनको माफ नहीं करेगा। प्रधान मंत्री जी यहां बैठे हैं। यह भी अच्छे पोलिटीशियन हैं, देश का व्यवहार इनके प्रति अच्छा है। इनको देखना चाहिए कि यह राजनैतिक दुर्भावना के साथ काम क्यों किया जा रहा है।

… (व्यवधान)

">

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : यह काम लालू यादव को अपमानित करने के लिए किया गया है। इसे सहन नहीं किया जा सकता। देश भर के माननीय नेताओं को इस शादी में आमंत्रित किया गया था। हर कोई अपनी लड़की की शादी करता है और अपने कुटुम्बियों को, सगे-संबंधियों को आमंत्रित करता है लेकिन इस तरह से हिन्दुस्तान के इतिहास में सबसे पहली बार जो यह अपमानित करने का काम हो रहा है, यह केन्द्र सरकार के इशारे पर हुआ। मैं तमाम माननीय सदस्यों का और सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इस तरह के काम करके देश को तोड़ने का काम नहीं होना चाहिए।
">… (व्यवधान)
">

">श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : हम चाहेंगे कि प्रधान मंत्री जी इस पर बयान दें।

… (व्यवधान)
">

">उपाध्यक्ष महोदय : श्री आदित्यनाथ।

">

">डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : हम चाहेंगे कि उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

… (व्यवधान)
यह सब बिहार में बदले की भावना से किया जा रहा है। … (व्यवधान)">

">योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस सदन का ध्यान कुछ समाचार पत्रों में छपे हाई कोर्ट के नोटिस की ओर दिलाना चाहता हूं जिसमें इस देश के चार पूर्व प्रधान मंत्रियों और एक पूर्व रक्षा मंत्री पर सेना और वायु सेना का रुपया बकाया है, मैं उसके भुगतान के संबंध में भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

… (व्यवधान)
">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Raghuvansh Prasad Singh, you have brought the matter before the House. Please sit down now.

">डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : सरकार उन पर इंकम टैक्स का केस कर रही है इस तरह से बिहार को अपमानित किया जा रहा है

… (व्यवधान)
सरकार बिहार के विरुद्ध षडयंत्र की कार्यवाही कर रही है। इसलिए इस पर विचार होना चाहिए

… (व्यवधान)
">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Member, please take your seat.